MOULIN COMMERCIAL LIMITED

CIN NO.: L74899DL1982PLC067811
Regd. Office: 10, Khasra No-239, M. G. Road, Manglapuri, Gadaipur, New Delhi-110030
E-mail: info@vinylgroup.com **Telephone:** 91-11 41401872 www.moulin.co.in

Date: 14.08.2024

TO,
THE LISTING DEPARTMENT,
THE CALCUTTA STOCK EXCHANGE LIMITED,
7, LYONS RANGE,
KOLKATA – 700 001

Ref: ***Scrip Code: 023170 (ISIN: INE642D01015) Moulin Commercial Limited***

Sub: Intimation of publication of extracts of the Un-Audited Financial Results of Moulin Commercial Limited for the quarter and three months ended 30th June, 2024 pursuant to Regulation 47(1)(b) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the provisions of Regulation 30, 33 & 47 and other applicable regulations of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended from time to time, the extracts of the Financial Results for the Quarter and three months ended 30th June, 2024 were published in the following newspapers on Wednesday, 14th day of August, 2024:

1. "The Pioneer" in English edition; and

2. "Pioneer" in Hindi edition.

The copies of the newspaper publications are enclosed for your reference.

You are requested to kindly take the above in your records.

Thanking You.

Yours faithfully,

For **MOULIN COMMERCIAL LIMITED**

For MOULIN COMMERCIAL LTD.

Director

ASHISH GUPTA
MANAGING DIRECTOR
DIN: 00115090

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 14 अगस्त, 2024

नोएडा-गाजियाबाद देशभक्ति के रंग में सराबोर

● डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में 13 से 15 अगस्त तक आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर जनपद में विभिन्न विभागों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी श्रृंखला में डीएम मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूली बच्चों की तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिस तिरंगा यात्रा को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया, उसमें शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज एवं के.सी.एस. इंटर कॉलेज के लगभग 1500 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर सूरजपुर गोल चक्कर के रास्ते सूरजपुर तिराहे से होते हुए शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज एवं के.सी.एस. इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भेरपाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार तथा स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक गण उपस्थित रहे।



आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम में शामिल हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार।

व्यापारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

नोएडा। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की ओर से मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के शहर के व्यापारियों ने हिस्सा लिया। एसीपी प्रथम प्रवीण सिंह ने यात्रा को हरी झंडी दिखाई। ढोल नगाड़ों के साथ यात्रा को निकाला गया। यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्थित रहे इसके लिए सड़क के किनारे से यात्रा को निकाला गया। युवा व्यापार मंडल के प्रदेश विकास जैन ने बताया कि यात्रा सेक्टर-40 से शुरू होकर , सेक्टर-44 होते हुए डीएम चौक, सेक्टर-18 और अट्ष्टा पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान व्यापारियों ने भारत माता की जय और अमर शहीदों को याद किया गया। वहीं यात्रा के दौरान कोई परेशानी न हो इसके लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा। वहीं शाम को भाजपा के कार्यकर्ता की ओर से यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को सांसद डॉक्टर महेश शर्मा हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा हर घर तिरंगा को लेकर जिला प्रशासन और प्राधिकरण दोनों की तैयारी पूरी की चुकी है।

यात्रा के शामिल हुईं मेयर सुनीता दयाल

गाजियाबाद। गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल तिरंगा यात्रा में शामिल हुई। वहीं महानगर में गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों ने हर घर तिरंगा अभियान का आगाज तिरंगा यात्रा निकाल से किया। नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली। नवयुग मार्केट स्थित मुख्य कार्यालय से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। तिरंगा यात्रा वापस नगर निगम मुख्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान मुख्य अभियंता एनके चौधरी अपर नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त और अन्य अधिककारी भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। नगर निगम ने इस दौरान लोगों को तिरंगा भी बांटे।



सुपरनोवा परियोजना को पूरी करेगा कोटक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर

नोएडा। सुपरनोवा परियोजना को कोटक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर लिमिटेड पूरा करेगा। यह एडवाइजर बिल्डर की तरफ से बैंक व अन्य को उनका करीब 310 करोड़ रुपए बकाया देगा। इसके अलावा परियोजना को पूरा करने के लिए करीब 450 करोड रुपए का निवेश भी करेगा। एडवाइजर के इस प्रस्ताव पर नोएडा प्राधिकरण ने मंजूरी दे दी है। नोएडा प्राधिकरण ने भूखंड संख्या-03, सेक्टर-94 का आवंटन मैसर्स सुपरटेक रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड को किया था। भूखंड का क्षेत्रफल 70002 वर्ग मीटर है। बिल्डर के ऊपर 31 मई 2024 तक किश्त व लीज रेंट के रूप में 2245 करोड़ 82 लाख और समय वृद्धि शुल्क के रूप में 1073 करोड़ 47 लाख रुपए बकाया हैं। ऐसे में इस भूखंड पर बिल्डर के ऊपर 3319 करोड़ 29 लाख रुपए बकाया हैं। अधिकारियों ने बताया कि एक बैंक की देयता के कारण इस परियोजना से जुड़ा प्रकरण एनसीएलटी में विचाराधीन है। बिल्डर की तरफ से किए गए अनुरोध के आधार पर अपने बकायादार से सेटलमेंट करने संबंधी आदेश 30 जुलाई 2024 को किया गया।

संक्षिप्त समाचार


अवैध हथियार और मादक पदार्थ के साथ आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

अवैध हथियार और मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

नोएडा। थाना सूरजपुर पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध हथियार बरामद किया है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर उप निरीक्षक अनिल कुमार ने ऋतिक पुत्र दीपक कुमार को दुर्गा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर इसके पास से एक देसी तमंचा और कारतूस मिला है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी लूटपाट करने की नीयत से घूम रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव ने मोहम्मद कैफ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा मिला है।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 6 धरे

नोएडा। थाना फेस- तीन पुलिस ने बीती रात को सार्वजनिक स्थान पर हार- जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना फेस तीन के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि बीती रात को थाना पुलिस को सूचना मिली कि बसई गांव के शराब के ठेके के पास कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर हार -जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से मित्र पाल, सुनील, परमिंदर, विनय, भोला तथा दुर्गेश को गिरफ्तार किया।उन्होंने बताया कि इनके पास है पुलिस ने 2100 रूपए नगद, ताश की गड्डी आदि बरामद किया है।

नोएडा के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग में झटके 16 पदक

नोएडा। शहर के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने नया रिकॉर्ड बनाया है। डिस्ट्रिक्ट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में नोएडा के खिलाड़ियों ने एक-दो नहीं बल्कि पूरे 16 पदक हासिल किए हैं। नोएडा के इन खिलाड़ियों नें 8 गोल्ड मेडल, 4 सिल्वर मेडल तथा 4 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। प्रतियोगिता में सब-जूनियर श्रेणी के अंतर्गत अभी कर्मा ने गोल्ड मेडल जीता है। जूनियर श्रेणी में ईशान, मोरिश, विवान तथा राज ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। युवा वर्ग में संजली, अतुल यादव, लवीश, अनुज तथा प्रिन्स ने गोल्ड मेडल जीता है। सीनियर श्रेणी में रवि ने गोल्ड मेडल, ध्रुव पंत तथा शुभोनीत ने सिल्वर मेडल, जय यादव ने गोल्ड मेडल, सूरज ने कांस्य पदक तथा हर्षित ने सिल्वर मेडल जीतकर नोएडा का नाम रोशन किया है। शहीद भगत सिंह बॉक्सिंग एकेडमी का संचालन प्रसिद्ध बॉक्सर तथा कोच प्रीतम टोकस करते हैं। श्री टोकस ने बताया कि उनकी एकेडमी में अनेक खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि जल्दी ही नोएडा के बॉक्सिंग खिलाड़ी विश्व स्तर पर बड़ा मुकाम हासिल करेंगे।

परिवार को बंधक बनाकर डकैती, ज्वैलरी लेकर फरार

नोएडा। नोएडा के थाना 142 में स्थित मोहियापुर गांव में 6 से अधिक बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया। सोमवार देर रात बदमाश चाकू-तमंचे के बल पर एक घर में घुस गए। परिवार को बंधक बनाकर घर में रखे 3 लाख रुपए, जेवरात लूटकर फरार हो गए। बदमाश कार से आए थे और घटना को अंजाम देने के बाद मंगरौली-छपरौली गांव की तरफ भाग गए। सूचना मिलते ही थाना 142 प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना सेक्टर 142 क्षेत्र के ग्राम मोहियापुर में उमेश लोहिया अपने परिवार के साथ गांव से अलग खेतों की तरफ रहते है। रात में करीब एक बजे कुछ बदमाश आ आए। चाकू-तमंचे के बल पर परिवार की महिलाओं को बंधक बना लिया। उनके घर से करीब तीन लाख रुपए व कान की बाली एवं कुंडल, जेवर आदि घर से लूट लिए। बदमाशों के जाने के बाद परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस पहुंची। साथ ही फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी ने बताया- पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

सिटी क्रिकेट काउंसिल ने तीन विकेट से जीता मुकाबला

गाजियाबाद। सिटी क्रिकेट काउंसिल ने जीएमएस ग्राउंड पर खेले गए मैच में एसीएस एकेडमी को तीन विकेट से हरा दिया। शानदार बल्लेबाजी करने के लिए गर्व को मैन ऑफ द मैच चुना गया। गाजियाबाद अंडर 17 कप का आयोजन एक्सटेंशन स्थित जीएमएस ग्राउंड पर हो रहा है। मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय सिटी क्रिकेट काउंसिल ने लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसीएस की टीम ने आठ विकेट पर 172 रन बनाए। लकी ने 40 और वासु ने 37 रन बनाए। यदि ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिटी क्रिकेट की टीम ने सात विकेट पर 177 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। सलामी बल्लेबाज गर्व ने 69 रन का योगदान दिया।

सेफ सिटी परियोजना में होगा संशोधन

● जिले की 600 स्थानों पर लगेंगे के 2500 कैमरे

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

नोएडा में सेफ सिटी प्रोजेक्ट के लिए दिल्ली की सेफ सिटी प्रोजेक्ट की एनआईटी डॉक्यूमेंट का अध्ययन किया जाएगा। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि वहां टेंडर के लिए जारी की गई एनआईटी को देखा जाएगा। यहां संशोधन के बाद ही टेंडर जारी किया जाएगा। ताकि बाद में कोई खामी या परेशानी न हो। एनआईटी में ऐसा कतई नहीं होना चाहिए कि वो किसी एक कंपनी को फायदा देने से संबंधित हो। इसलिए संशोधन के बाद ही नोएडा में कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा।



आगामी छह महीने में नोएडा के बाजार, अस्पताल, पार्क और मेट्रो स्टेशन मॉल्स सब कुछ नोएडा पुलिस के सर्विलांस पर होगा। सेफ सिटी के तहत यहां 2500 सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम सितंबर में होगा। ये कैमरे 600 लोकेशन पर लगाए जाएंगे। इसका कंट्रोल रूम अलग से बनाया जाएगा। इसमें लगाए जाने वाले कैमरे फेस डिडक्शन होंगे। जिसकी कमांड पुलिस के पास होगी। नोएडा 1046 कैमरे आईएसटीएमएस योजना के तहत लगे है। जिनका काम ट्रैफिक और पुलिस के लिए सर्विलांस करना है। आईएसटीएमएस और सेफ सिटी ये दोनों प्रोजेक्ट अलग-अलग है। लेकिन एक साथ रन करेंगे। दोनों योजनाओं से जुड़े लोग एक दूसरे के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज आसानी से देख सकेंगे। इनके पास एक्सिस होगा।

इसका सबसे बड़ा फायदा क्राइम को कंट्रोल करने में होगा। प्रमुख स्थानों की 24 घंटे सर्विलांस हो सकेगी। नोएडा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने आईएसटीएमएस योजना का शुभारंभ किया था। इसके तहत पूरे शहर में तीन प्रकार की कैमरे जिसमें एएनपीआर, सर्विलांस,आरएलवीडी कैमरे लगे। इनके जरिए नोएडा पुलिस ने अब तक 700 केस को साल्व किया। ये केस चेन स्नेचिंग , लूटपाट, रोडरेज से लेकर मर्डर तक के है। जिसमें इन कैमरों की मदद ली गई और पुलिस को सफलता मिली।

हेलीपोर्ट के लिए सुझाव देगी एयरपोर्ट कंपनी

● एनआईटी में किया जाएगा शामिल, चार धाम यात्रा कराने की योजना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में दो बार हेलीपोर्ट योजना के ग्लोबल टेंडर होने के बाद भी योजना को पूरा नहीं कराया जा सका।

इसके लिए शासन ने नोएडा प्राधिकरण को जेवर एयरपोर्ट बना रही कंपनी नियाल नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के चेयरमैन से सुझाव लेने के लिए कहा है। ताकि यहां हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा सके। नोएडा में बनाया जाने वाले हेलीपोर्ट से चार धाम की यात्रा के साथ 500 किमी की रेंज में आने वाले धार्मिक स्थलों तक जाया जा सकेगा। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि सुझाव के आधार पर हेलीपोर्ट योजना की नोटिस इंवाइटिंग टेंडर (एनआईटी) में बदलाव किया जाएगा। इसके बाद ग्लोबल टेंडर जारी किया जाएंगे। उन्होंने बताया कि आखिर क्या वजह है कि कंपनी हेलीपोर्ट योजना के लिए आगे नहीं आ रही है। इसलिए मिलने वाले सुझाव को एनआईटी में शामिल किया जाएगा। ये काम आगामी एक महीने में हो जाना चाहिए। नोएडा की ये परियोजना सेक्टर-151ए में प्रस्तावित है। इसके निर्माण में 43.13 करो? रुपए खर्च कर किए जाने है। इसका डिजाइन बेल 412 (12 सीटर) के अनुसार तैयार किया।

निवेश मित्र पोर्टल की शिकायतों की अनदेखी पर जिलाधिकारी हुए सख्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय अवधि में निस्तारण कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि निवेश मित्र पोर्टल पर ग्रेटर नोएडा, नोएडा विकास प्राधिकरण, भूगर्भ जल विभाग तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सबसे अधिक आवेदन लंबित चल रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने उपरोक्त विभागों के अधिकारी एवं बैठक में उपस्थित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पोर्टल मॉनिटरिंग नियमित शासन स्तर पर होती है व उसी के अनुरूप जनपद की रैंकिंग भी तय होती है। इसलिए अधिकारीगण निवेश मित्र पोर्टल के महत्व को समझते हुए निवेश मित्र पोर्टल पर आने वाले आवेदनों को निर्धारित समय अवधि में निस्तारित करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। यदि किसी भी विभाग के द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में कोई भी शिथिलता बरती जाएगी तो संबंधित के विरुद्ध नियम अनुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मेट्रिमोनियल साइट पर दोस्ती कर चिकित्सक से ठगे पांच लाख

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक के अकबरपुर बहरामपुर स्थित एक अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक से मेट्रिमोनियल साइट पर दोस्ती करके आकाश सिंह नाम के युवक ने पांच लाख रुपये ठग लिए।

आरोप है कि आकाश ने खुद को कोयला कारोबारी बताया। इसके बाद पिता का ऑपरेशन कराने के नाम पर पांच लाख रुपये ले लिए। मामले में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। चिकित्सक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 2023 में मेट्रिमोनियल साइट पर प्रोफाइल बनाई थी। मई 2023 में दिल्ली के अशोकनगर निवासी आकाश सिंह नाम के युवक ने उनसे साइट के माध्यम से संपर्क किया। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। एक दो बार उनकी मुलाकात भी हुई। सात जुलाई 2023 को उसने कॉल कर अपने पिता अरविंद की तबियत बिगड़ने की बात कही और कहा कि उनका ऑपरेशन होना है रुपये की जरूरत है। धीरे-धीरे उसने उनसे 5,06,900 रुपये ले लिए।

एमिटी विवि की छात्रा से मोबाइल लूट मामले में 11 दिन बाद भी दर्ज नहीं हुई शिकायत

नोएडा। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-76 के पास से बुलेट सवार बदमाशों ने एमिटी विश्वविद्यालय की छात्रा का मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़िता के पिता का आरोप है कि पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बजाय उनसे ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए कहती रही।

11 दिन तक भटकने के बाद उनकी एफआईआर दर्ज हुई। उन्होंने पुलिस की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा किया है। थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि बीती रात को श्रेष्ठा वर्मा पुत्री दीपक वर्मा निवासी अजनारा हेरीटेज सेक्टर 74 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ऑटो रिक्शा में सवार होकर एक अगस्त को अपने घर से सेक्टर 125 स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी मे पढने जा रही थी, तभी सेक्टर 76 नॉर्थ आई सोसाइटी के सामने बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए अज्ञात बदमाशों ने उनका कीमती आईफोन लूट लिया। उन्होंने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पीड़िता के पिता दीपक वर्मा जो कि वित्त मंत्रालय से वरिष्ठ अधिकारी के पद से रिटायर्ड हुए हैं, उनका आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में काफी देर किया। उनके अनुसार 1 अगस्त को उनकी बेटी के साथ लूट हुई और पुलिस ने 12 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने कहा कि जब वह 1 अगस्त को सोरखा पुलिस चौकी पर शिकायत करने गए तो उनसे कहा गया कि कौन सी लूट। एक दिन में चार लूट हुई है। उनके अनुसार उन्हें चौकी से थाने भेजा गया। थाने पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने उनसे कहा कि आप ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करवाइए।

सार्वजनिक सूचना

बिहार बंधु कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड, फ्लैट न०3 पाकेट-5 DDA फ्लैट सैक्टर-12, द्वारका, नई दिल्ली-110078

डी.सी.एस. नियम 2007 की धारा 19(2) का अनुसरण करते हुए जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार बंधु कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड के सदस्य रूथ टोपो (सदस्य सं. 141) ने सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है तथा इनको इनकी सभी प्रकार की जमा राशी इन्हें लौटा दी गयी है यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो सोसायटी आफिस फ्लैट न०3 पाकेट-5 DDA फ्लैट सैक्टर-12,द्वारका, नई दिल्ली-110078 या आर.सी.एस,संसद मार्ग,नई दिल्ली में इस नोटिस के छपने के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।

सचिव-बिहार बंधु सी.जी.एच.एस लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मां सरस्वती शिक्षा प्रसार समिति संपत्ति के मालिक हैं। संपत्ति संख्या 1. पुराने खसरा नं. का भाग। 2939 नया खसरा नंबर 4846 के साथ, क्षेत्रफल- 0.0791 हेक्टेयर, संपत्ति नं. 2. पुराना खसरा नं. 2938 नया खसरा नंबर 4844 हेक्टेयर, क्षेत्रफल 0.0315 हेक्टेयर और नया खसरा नंबर 4845, क्षेत्रफल- 0.1329 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.1644 हेक्टेयर, संपत्ति नं. 3 पुराना खसरा नं. का भाग। 2937 सा, नया खसरा नंबर 4842 का, क्षेत्रफल- 0.1260 हेक्टेयर। नगर पालिका की सीमा के भीतर, मौजाकस्बा शिकारपुर, परगना और तहसील- शिकारपुर, जिला में स्थित है। बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश तीन बिक्री विलेख दिनांक 27.05.2002, जिल्द संख्या 186, पृष्ठ 193/198 पर, क्रम संख्या 2113 पर, बिक्री विलेख दिनांक 24.09.2001 जिल्द संख्या 148, पृष्ठ 323/326 पर, क्रम संख्या 3745, बिक्री विलेख दिनांक 07.11.2001 जिल्द संख्या 156, पृष्ठ 309/312, क्रम संख्या 4554 पर, एसआरओ शिकारपुर, उत्तर प्रदेश में और ऊपर बताई गई संपत्ति श्रृंखला में मूल तीन बिक्री विलेख खो गए गुम हो गए और एफआईआर दिनांक 11.08.2024 को दर्ज की गई। एल. ए. आर. संख्या 20240000655134 के अनुसार उक्त संपत्ति का वित्तपोषण वर्तना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाना है। यदि किसी के पास उक्त संपत्ति पर कोई प्रभार/हित/शीर्षक है या किसी प्रकार का विवाद है तो कृपया नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप से नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें। 15 दिनों के भीतर, ऐसा न करने पर और मुझे पता है कि बंधक संपत्ति के साथ चूक होने की स्थिति में आवेदक सह-आवेदक इसके लिए जिम्मेदार होगा।

Karishma Aggarwal (Advocate)
G-187, 4th Floor, Sector 63, Noida, U.P

संबंध विच्छेदहम

अंजना अग्रवाल पत्नी श्री तारकेश अग्रवाल और तारकेश अग्रवाल दोनों निवासी ए- 189 वेस्ट आजाद नगर, गली नं: 17, दूसरी और तीसरी मंजिल, दिल्ली-110051, ने अपने बेटे प्रिंस अग्रवाल और उसकी पत्नी सपना को अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है। उनके बुरे व्यवहार के कारण हमने उनसे सभी संबंध तोड़ लिए हैं और अब वे हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। इसलिए हम उनके किसी भी काम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे और जो कोई भी उनके साथ व्यवहार करेगा, वह अपने जोखिम ओर जिम्मेदारियों पर व्यवहार करेगा।

PUBLIC NOTICE

It is informed to the public at large that Mr. Maqsood Alam Ansari and Mr. Shamim Ahmad Ansari are absolute Title holder in possession of Entire First Floor of the Property bearing no 131, in Block-C, Situated at Greater Kailash Part-I, New Delhi-110048. That the Original Sale deed dated 17.06.1960 executed by DLF Housing and Construction Pvt Ltd in favour of Sh. Harbir Singh Kalra registered as document no. 2835 in book no.1 vol no.561 on pages 98-99 on 28.06.1960 have been lost/misplaced and are untraceable. The FIR/ Lost report to this effect has already been lodged dated 12.08.2024 with LR no.2023721/2024. Any Person (s)/ company (ies)/ authority (ies)/society (ies)/organisation(s)/ financial institution(s)/ bank(s) claiming any right/ interest having any objection or found in possession of the original document may write/contact to the above name and address within 15 days from the date of publication of this notice, post expiration Any claims(s) or objection(s) if raised or received shall be treated as null & void and such claims.

Brijesh Tiwari (ADVOCATE) Ch. No. K-67b. Near Tehsil Building Tis Hazari Courts, Delhi-110054, (M): 7011083614

Public Notice

General Public is hereby informed that my clients Jaswinder Singh (8595973008) and Gurvinder Singh (8745956318) are filing application in L&DO for substitution of the property no. B-65 Amar Colony, Lajpat Nagar-4, New Delhi-110024 in the name of Jaswinder Singh and Gurvinder Singh, on the ground of Surviving Member Certificate. If there are any objections / claims from the general public on this application, the same shall be communicated to L&DO with supporting documents through registered post or by visiting L&DO Nirman Bhawan, New Delhi or through an email at ldo@nic.in, Within 30 days of publication of this notice.

M N SHARMA ADVOCATE
Ch 83 A K Sen Block Supreme
Court Of India, New Delhi-110001
Mobile:- 9810002003

सार्वजनिक सूचना

सार्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी मुव्वाकिला आशा चौधरी, पत्नी स्व० श्री अजीत चौधरी, निवासीगण C-68, गली न० 13, वैस्ट आजाद नगर, कृष्णा नगर, दिल्ली-110051 ने अपनी बेटी (ममता अग्रवाल पत्नी अशोक अग्रवाल) के पुत्र अरूण अग्रवाल व उसकी पत्नी भारती से उनके दुर्व्यवहार व गलत-आचरण के कारण अपनी सभी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलकर व सभी प्रकार के संबंध-विच्छेद कर लिए है। अरूण अग्रवालग्रवाल जोकि मेरी मुव्वाकिला का नाती है उनके किसी कृत्य, लेन देन हेतु मेरी मुव्वाकिला जिम्मेदार नहीं होगी।

Raj Kumar (Advocate) Ch. no.: 633 saket court
Ern. No-D-12362/2021, Mob no. 9911952470

ICICI Bank

शाखा कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचनाः
बिल्डर निरस्तीकरण

आपके ध्यान में लाया जाता है कि संदीप अग्रवाल/साक्षी अग्रवाल (उधारकर्ता/ओं) ने फ्लैट नं. टी160101, प्रथम तल टॉवर 16, ग्रीन पार्क ।।, सेक्टर 92, गुड़गांव-122001 में स्थित, सुविधा समझौता सं. LBGUR00003067817 के अंतर्गत गृह ऋण सुविधा का लाभ उठाया है। उधारकर्ता/ओं समझौते के नियमों और शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदागत राशि का भुगतान करने में विफल रहा है।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 07 नवम्बर, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि सारे गुरुग्राम प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतः आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया यह भी ध्यान दे कि उक्त संपत्ति के आबंटन निरस्त करने के पश्चात आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किए गए किसी भी अन्य आवंटन के लिए बाध्य और/या उत्तरदायी नहीं होगा।

दिनांक : अगस्त 14, 2024 — कृते आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड
स्थानः दिल्ली/एनसीआर — हस्ता/-

दी कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
सी-29, कम्युनिटी सेन्टर, पंखा रोड, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058
फोन : 011-25611042, 25611043, 25611044
ई-मेल: legal@kangrabank.com, legal1@kangrabank.com वेबसाईट: www.kangrabank.com

(परिशिष्ट II-A)
(नियम 6(2) का परंतुक देखें)
चल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से नीचे उल्लिखित उधारकर्ता और जमानती को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल संपत्ति (वाहन) जोकि दी कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, प्रधान कार्यालय, सी-29, सामुदायिक केंद्र, पंखा रोड, जनकपुरी, जनक सिनेमा के पास, नई दिल्ली-110058 सुरक्षित लेनदार के पास दृष्टिबंधक है, जिसका भौतिक कब्जा, दी कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसा है जहां है", "जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर ई-नीलामी द्वारा बिक्री (सरफेसी अधिनियम और नियम 2002 के तहत) के माध्यम से बेचा जाएगा। नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार :-

क्र. सं	क) उधारकर्ता और जमानती ख) शाखा का नाम	(क) मांग सूचना की तिथि (ख) कब्जे के स्थिति/तिथि (ग) मांग राशि	दृष्टिबंधक वाहन का विवरण	आरक्षित मूल्य	(क) जमा धरोहर राशि (ख) बोली वृद्धि राशि (ग) निरीक्षण की तिथि और समय (घ) ईएमडी और केवाईसी जमा करने की अंतिम तिथि/समय (ङ) ई-नीलामी की तिथि/समय
1 2	श्री अनूप कुमार पुत्र श्री जगदीश सदस्यता सं. 53825 और सदस्यता खाता नं. MV/2/862 ऋण खाता नं. 00068180004726 (कर्जदार) श्री सूर्य प्रकाश पुत्र बांके लाल (जमानती) मयूर विहार शाखा	(क) 07.11.2022 (ख) भौतिक/ 02.07.2024 (ग) रु. 6,01,559/- साथ में दिनांक 31.10.2022 से भुगतान की तिथि तक ऋण खाते में समय-समय पर लागू ब्याज, दंडात्मक ब्याज और अन्य शुल्क भी देय	Maruti Tour S Petrol, पंजीकरण नं. DL-1ZC-0522, इंजन नं. K12MN2223957, चेसिस नं. MA3EJKD1S00B61511, मॉडल: 2018, कलर : Pearl Arctic WH, फ्यूल : Petrol, मेक: Maruti Suzuki India Ltd.	रु. 2,40,000/- (रु. दो लाख चालीस हजार मात्र)	(क) रु. 24,000/- (ख) रु. 5,000/- (ग) 28.08.2024 पूर्वा 11.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे तक (घ) 18.09.2024 को अपरा. 05.30 बजे तक (ङ) 20.09.2024 को अपरा. 03.00 बजे से अपरा. 05.00 तक

बोली/निविदा प्रपत्र, उक्त बिक्री के नियम व शर्तों के विस्तृत विवरण के लिए कृपया दी कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड, प्रधान कार्यालय, सी-29, सामुदायिक केंद्र, पंखा रोड, जनकपुरी, जनक सिनेमा के पास, नई दिल्ली-110058, सुरक्षित ऋणदाता बैंक की वेबसाइट, अर्थात www.kangrabank.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, तथा बोली/निविदा प्रपत्र, उक्त बिक्री के नियम व शर्तों तथा बोली/निविदा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के विस्तृत विवरण के लिए उनकी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है।

सरफेसी अधिनियम-2002 के नियम 13(8) और नियम 6(2) के अनुसार वैधानिक नोटिस

इस नोटिस को उक्त ऋण के उपर्युक्त नामित उधारकर्ता और बंधककर्ता को बिक्री की तारीख से पूर्व देय राशि का पूर्ण भुगतान करने के लिए एक नोटिस के रूप में भी माना जाए, ऐसा न करने पर संपत्ति उपर्युक्त बिक्री/नीलामी तिथि को बेची जाएगी। यह प्रकाशन उपरोक्त नामित उधारकर्ता और बंधककर्ता 30 दिन का नोटिस भी है।

हरीश शर्मा
प्राधिकृत अधिकारी
दी कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक लि.,
प्रधान कार्यालय, सी-29, सामुदायिक केंद्र, पंखा रोड, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058,
फोन नं. 9013568418, 9013568419

दिनांक : 12.08.2024,
स्थान : नई दिल्ली

कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,

सम्मान कैपिटल लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **आशुतोष शुक्ला, विजय लक्ष्मी शुक्ला और बालाजी जियोट्रैक टेक्नोविजार्ड प्राइवेट लिमिटेड** को **14.05.2024** की सूचना में वर्णन के अनुसार कर्ज खाता नं. **HHLNOI00472857** की राशि रू. **11,83,926.98 (रूपये ग्यारह लाख तिरासी हजार नौ सौ छब्बीस और अट्ठानबे पैसे मात्र)** और **13.05.2024** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **09.08.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषतः कर्जदारों और सामान्यतः जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 11,83,926.98 (रूपये ग्यारह लाख तिरासी हजार नौ सौ छब्बीस और अट्ठानबे पैसे मात्र) 13.05.2024** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **सम्मान कैपिटल लिमिटेड (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति/संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

अपार्टमेंट नं. 2506, सुपर एरिया लगभग 111.02 स्क्वे. मीटर्स, कवर्ड एरिया 91.98 स्क्वे. मीटर्स और रेरा के अनुसार कारपेट क्षेत्र (बालकनी को छोडक़र) 63.54 स्क्वे. मीटर्स और कारपेट एरिया (बालकनी के साथ) 83.99 स्क्वे. मीटर्स, पच्चीसवीं मंजिल पर, ब्लॉक ए, मिगसन कियान, सेक्टर-14 पर स्थित, प्लॉट नं. 14/कॉम-01, वसुंधरा, गाज़ियाबाद-201007, उत्तर प्रदेश।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
सम्मान कैपिटल लिमिटेड

दिनांक: 09.08.2024
स्थान : गाज़ियाबाद (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

PUBLIC NOTICE

General public is hereby informed that my client Sh. Devendra Singh, S/o Somvir Singh and his wife Shalendri Singh, resident of House No.1, Type-2, Block-1, Sector-1, Pushp Vihar, New Delhi-110017 have severed all their relations with their son Chetan Kumar Raghav due to his bad habits and behaviour. My abovenamed clients have disowned and debarred their son namely Chetan Kumar Raghav from all their movable and immovable properties. Any body dealing with Chetan Kumar Raghav or his wife will do so at their own risk and responsibilities. My clients will not be responsible for any act, deed or dealing done by Chetan Kumar Raghav.

Yuvraj Singh
(Advocate) D/435/2016

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that the all partners of Ravi Polymers, 461 Phase-1 Barhi Industrial Area, Sonipat, Haryana-131101, declare that Ravi Polymers is the Manufacturer of PVC conduit and casing pipes, warns against the unauthorized use of its brand name and ISI License Nos. (9200120399 & 9200120403). The company disclaims responsibility for any products misrepresenting its standards. Customers are urged to verify product authenticity before purchase. Legal actions are being pursued to protect brand integrity and consumer safety.

Sd/-
Partners of Ravi Polymers
1.Devinder Kumar Gupta 3.Shubham Gupta
2.Pradeep Kumar Gupta 4.Padam Gupta

मौलिन कमर्शियल लिमिटेड
सीआईएनः L74899DL1982PLC067811
पंजी. कार्यालयः 10, खसरा नं. 239, एम.जी रोड़, मंगलापुरी, गडियापुर, दिल्ली-110030
ईमेलः info@vinylgroup.com, वेबसाईटः www.moulin.co.in

30.06.2024 को समाप्त तिमाही और 3 माह हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सारांश
(ईपीएस छोडकर लाख रुपये में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्ति तिमाही 30.06.2024 (अलेखा-परीक्षित)	समाप्ति तिमाही 31.03.2024 (लेखा-परीक्षित)	समाप्ति वर्ष 31.03.2024 (लेखा-परीक्षित)
1	संचालन से कुल आय(निवल)	13.60	(0.58)	78.23
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या आसाधारण मदें)	(2.68)	(16.86)	10.98
3	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्)	(2.68)	(16.86)	10.98
4	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्)	(3.36)	(13.58)	6.76
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [इस अवधि हेतु लाभ/(हानि) शामिल (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	(3.36)	(14.82)	6.76
6	इक्विटी शेयर पूंजी	57.30	57.30	57.30
7	प्रति शेयर आय (रु-10/- प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं)			
	मूलभूतः	(0.59)	(2.59)	1.18
	तरलीकृतः	(0.59)	(2.59)	1.18

टिप्पणीः-
क) उपरोक्त सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर 30-06-2024 को समाप्त तिमाही और 3 माह के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। 30-06-2024 को समाप्त तिमाही और 3 माह के लिए वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.moulin.co.in और सूचीबद्ध इकाई पर उपलब्ध है।
ख) 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही और 3 माह के लिए उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 13 अगस्त, 2024 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया।

निदेशक मंडल और उसकी ओर से
हस्ता/-
आशीष गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00115090

दिनांकः 14.08.2024
स्थानः नई दिल्ली

BJP office-bearers meet to launch membership drive

PIONEER NEWS SERVICE ■
NEW DELHI

The BJP's national office-bearers are expected to meet on August 17 to finalise the launch of the party's membership drive, which will culminate with the election of a new party president.

